# सिर्फ हथियार से नहीं होगी जीत

## युद्ध में बढ़त और दुश्मन से आगे रहने के लिए 'आश्चर्य का तत्व' विकसित करें कमांडर : राजनाथ

**नई दिल्ली 8 मई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजी से बदलते भू-राजनीतिक सुरक्षा परिदृश्य में हर तरह की स्थिति से निपटने को तैयार रहने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वायत्त प्रणालियों, डेटा विश्लेषण और सुरक्षित संचार नेटवर्क में क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि भविष्य के संघर्ष हाइब्रिड खतरों, सूचना प्रभुत्व तथा साइबर, अंतरिक्ष और विद्युतचुंबकीय क्षेत्रों में एक साथ संचालित अभियानों से प्रभावित होंगे.**

सिंह ने संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन कमांडरों को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए की त्वरित, सटीक और संयुक्त जवाबी कार्रवाई का प्रतीक बताया.



उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध केवल हथियारों से नहीं बल्कि नयी सोच और बेहतर समन्वय से जीते जायेंगे. उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए भारतीय रक्षा बलों की त्वरित, सटीक और संयुक्त प्रतिक्रिया का प्रमाण है. उन्होंने तीनों सेनाओं के कमांडरों से आह्वान किया कि वे इस अभियान तथा वर्तमान वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य से सीख लेकर भविष्य के लिए सदैव तैयार रहें. उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को अल्प अवधि वाला, गहरी पैठ बनाने वाला, उच्च तीव्रता तथा अत्यधिक प्रभाव वाला अभियान बताया, जिसने भारत की अपने विरोधियों को आत्मसमर्पण के लिए विवश करने की क्षमता को प्रदर्शित किया. उन्होंने कहा कि यह अभियान भारत की बढ़ती सामरिक क्षमताओं तथा राष्ट्र के सामूहिक संकल्प एवं नए सैन्य दृष्टिकोण का प्रतीक है. उभरती प्रौद्योगिकियों के परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने संघर्ष के सभी आयामों में एकीकृत राष्ट्रीय तैयारी सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया.

सिंह ने तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता, एकीकरण और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति की सराहना की.

> उन्होंने कहा कि संयुक्तता वैश्विक रक्षा क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण आयाम है. उन्होंने कहा, भविष्य के युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि नवाचारी सोच और बेहतर समन्वय से जीते जाएंगे. रक्षा मंत्री ने कमांडरों से लड़ाई में आश्चर्य के तत्व को विकसित करने का आग्रह किया ताकि वे शत्रुओं के लिए अप्रत्याशित बने रहें और किसी भी परिस्थिति में रणनीतिक बढ़त हासिल कर सकें. साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि शत्रु के आश्चर्यजनक कदमों से भी सतर्क रहना होगा और हमेशा उससे दो कदम आगे रहना होगा.

### ईडी ने गोवा में बैंक धोखाधड़ी मामले में तलाशी के दौरान 67.50 लाख नकद ज़ब्त किए

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय ने हाल ही में क्राउन मिनरल ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन (सीएमटीसी) और उसके साझेदारों से जुड़े एक बैंक धोखाधड़ी मामले के सिलसिले में छह जगहों पर तलाशी अभियान चलाया. यह जानकारी ईडी के गोवा में पणजी स्थित कार्यालय ने शुक्रवार को दी। ईडी के अनुसार तलाशी अभियान के दौरान, 67.50 लाख रुपये की नकदी, संपत्ति की बिक्री के दस्तावेजों सहित आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण ज़ब्त किए गए. ईडी ने सीएमटीसी के साझेदारों और अन्य लोगों के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई शुरू की. यह प्राथमिकी केनरा बैंक द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी.

# 1,000 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग का खुलासा

## दिल्ली ऑनलाइन सट्टा घोटाला : ईडी ने तीन आरोपियों को पकड़ा

▶ ईडी ने दिल्ली-बेंगलुरु में ऑनलाइन सट्टा छापेमारी की

**नई दिल्ली, 8 मई. प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने कथित 1,000 करोड़ रुपये के ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग रैकेट से जुड़े बड़े अभियान के तहत दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ( एनसीआर ), बेंगलुरु और अन्य स्थानों पर लगभग 18 ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की. यह छापेमारी कल देर रात एक बजे तक चली.**

जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, तलाशी के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार किये गये आरोपियों के नाम दीपक सिंह अहलावत, पृथ्वी कुमार और विकास तनेजा है. दीपक सिंह अहलावत हरियाणा के रहने वाला है, जबकि पृथ्वी कुमार उत्तराखंड का निवासी है। कार्रवाई के दौरान ईडी ने कथित तौर पर जांच से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य डिजिटल साक्ष्य जब्त किये हैं. सूत्रों ने बताया कि यह मामला लगभग 1,000 करोड़ रुपये के कथित ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क से संबंधित है। ईडी के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय ने मेसर्स गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, इसके निदेशकों और मामले से जुड़े कई अन्य आरोपियों के खिलाफ यह कार्रवाई की. अधिकारियों के अनुसार, इस संबंध में पहले बेंगलुरु के स्थानीय थानों में कई प्राथमिकी दर्ज की गयी थीं. इसके बाद ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत जांच अपने हाथ में ली और आगे की कार्रवाई शुरू की.




पिछले वर्ष 18 नवंबर से 22 नवंबर के बीच, ईडी ने बेंगलुरु और गुरुग्राम में मेसर्स निर्देश नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड), मेसर्स गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (जीटीपीएल) के कार्यालयों के साथ-साथ उनके निदेशकों और अन्य संदिग्धों के आवासों पर छापेमारी की थी.

### एक नजर में

#### क्रूज शिप पर दुर्लभ हंता वायरस से तीन की मौत

**लंदन.** दक्षिण अटलांटिक महासागर में सफर कर रहे डच क्रूज शिप एमवी होंडियस पर दुर्लभ और घातक हंता वायरस की चपेट में आने से अब तक तीन यात्रियों की मौत हो चुकी है।मृतकों में एक डच दंपती और एक जर्मन महिला शामिल है. संक्रमण का असर अब जहाज से बाहर अन्य देशों तक पहुंचने लगा है. इस दुखद घटना के बाद जहाज पर सवार दो भारतीय नागरिकों सहित 147 यात्रियों और क्रू मेंबर्स को केप वर्डे के पास सख्त क्वारंटीन में रखा गया है, ताकि इस जानलेवा वायरस के वैश्विक प्रसार को रोका जा सके.

#### अंबिकापुर में 39 मकानों पर चला बुलडोजर

**अंबिकापुर.** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए वन भूमि पर बने 39 अवैध मकानों बुलडोजर चलाया. वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद आलोक दुबे की शिकायत के बाद प्रशासन दलबल के साथ मौके पर पहुंचा और बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण ध्वस्त किए. प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर से लगे डबरीपानी क्षेत्र में बाहरी लोगों द्वारा वन भूमि पर अवैध कब्जा कर वर्षों से मकान बनाकर रह रहा था। वन विभाग द्वारा पूर्व में कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर भूमि खाली करने के निर्देश दिए गए लेकिन निर्धारित समय के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया.

#### पानीपत में मंत्री पंवार का भीषण एक्सीडेंट

**पानीपत.** हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार शुक्रवार को पानीपत के पास एक बड़े सड़क हादसे में घायल हो गए. यह दुर्घटना उस समय हुई जब मंत्री चंडीगढ़ से लौट रहे थे और उनका काफिला पानीपत स्थित एल्डिको सिटी के पास पहुंचा था. जानकारी के मुताबिक काफिले में चल रही एक गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिसके बाद पीछे आ रही कई गाड़ियां आपस में भिड़ गईं. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मंत्री की इनोवा कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

# अशोक कुमार लाहिड़ी बने नीति आयोग के उपाध्यक्ष

**नई दिल्ली, 8 मई. नीति आयोग में अशोक कुमार लाहिड़ी की नियुक्ति को आर्थिक नीति के लिए नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है. लाहिड़ी, जो पहले भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार और 15वें वित्त आयोग के सदस्य रह चुके हैं, ने शुक्रवार को उपाध्यक्ष के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया.**



नीति आयोग के अधिकारियों का कहना है कि उनके शिक्षा, सार्वजनिक संस्थान और अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अनुभव से साक्ष्य आधारित नीतियों और आर्थिक सुधारों में मजबूती आएगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाहिड़ी को बधाई देते हुए कहा कि उनका अनुभव भारत की सुधार यात्रा को और तेज करेगा और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में मदद करेगा.

# फडणवीस ने प्रधानमंत्री का लेख साझा किया

**मुंबई, 8 मई महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आलेख सोमनाथ- भारत की अदम्य चेतना का प्रतीक को साझा किया है. श्री फडणवीस ने सोशल मीडिया पर मराठी और हिंदी में साझा किए गए पोस्ट में कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं है बल्कि लाखों भारतीयों के साहस, आत्म-सम्मान और सनातन चेतना का प्रतीक है.**

मुख्यमंत्री ने पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन की 75वीं वर्षगांठ का उल्लेख करते हुए कहा कि विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विरासत का संरक्षण भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक प्रेरणादायक अध्याय दर्शाता है।, श्री फडणवीस ने कहा कि सोमनाथ भारत के लोगों की अटूट आस्था, आत्मविश्वास और पुनरुद्धार की भावना का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि मंदिर को तोड़ने से लेकर पुनर्निर्माण तक की यात्रा देश के लचीलेपन को दर्शाती है।



> मुख्यमंत्री ने लोगों से प्रधानमंत्री मोदी का सोमनाथ पर लिखा आलेख पढ़ने का भी आग्रह किया, जिसे उन्होंने तस्वीरों के साथ अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से साझा किया. गौरतलब है कि ये संदेश पुनर्निर्मित मंदिर से जुड़े इस महत्वपूर्ण पड़ाव के उपलक्ष्य में चल रहे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व समारोह के दौरान साझा किए गए।

# सीईओ पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

**नयी दिल्ली, 8 मई.** राजधानी दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी रेडक्यूब डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय प्रकाश के खिलाफ कंपनी की इंटर्न ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है.

दक्षिण दिल्ली की रहने वाली पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसे गंभीर परिणामों की धमकी दी है. अपनी शिकायत के अनुसार उसने 2025 में बतौर एक इंटर्न कंपनी जॉइन की थी. पीड़िता ने बताया, जिस दिन मैंने कंपनी जॉइन की, मुझे सीईओ अजय प्रकाश और उनकी पत्नी का व्यवहार अच्छा नहीं लगा. अजय प्रकाश मुझे मेरे व्हाट्सप नंबर पर बे-वक्त कॉल किया करते थे. उसने आरोप लगाया कि सीईओ को पता था कि वह दिल्ली में अकेली है और उसने इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश की. उसने कहा कि अजय प्रकाश उसे छोटी-मोटी बातों के लिए भी अपने केबिन में बुलाते लेकिन वह हमेशा काम से मतलब रखती रही. पीड़िता ने सीईओ पर आरोप लगाया कि काम के दौरान अनुचित शब्दों का इस्तेमाल करते हैं.

# एमएसपी खरीद पर चौहान का सख्त रुख

**नई दिल्ली 8 मई. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में नाफेड और एनसीसीएफ के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।**

बैठक में विभिन्न राज्यों में चल रही खरीद व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। किसानों के हितों को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने एजेंसियों को निर्देश दिया कि जहां भी बाजार भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे चल रहे हों, वहां प्रभावी और समयबद्ध खरीद सुनिश्चित की जाए। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाना केंद्र सरकार की मूल प्रतिबद्धता है और खरीद कार्यों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। नाफेड और एनसीसीएफ द्वारा की जा रही खरीद प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खरीद को केवल एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया न मानकर मिशन मोड में किया जाए, ताकि किसानों को एमएसपी का लाभ सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यदि बाजार मूल्य एमएसपी से नीचे बने हुए हैं और इसके बावजूद अपेक्षित स्तर पर खरीद नहीं हो रही है, तो ऐसी स्थिति को किसान हितैषी नहीं माना जा सकता।



बेहतर योजना और जवाबदेही की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री चौहान ने एजेंसियों को जिला और खरीद केंद्र स्तर पर स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्यवार आवंटन के साथ-साथ जिला-वार उत्पादन अनुमान, संभावित आवक और कम से कम 25 प्रतिशत खरीद क्षमता के आकलन के आधार पर ठोस जमीनी कार्ययोजना तैयार की जाए.

### आज का इतिहास

- 1955- पश्चिम जर्मनी नाटो का सदस्य बना और फ्रांस स्थित नाटो मुख्यालय में जर्मनी का ध्वज फहराया गया.
- 1960- अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन ने पहली गर्भनिरोधक गोली को मंजूरी दी.
- 1975- पहली विद्युत टंकण मशीन बनायी गयी.
- 1998- भारतीय गजल गायक और अभिनेता तलत महमूद का निधन।
- 1993- दक्षिण अमेरिकी देश इक्वाडोर के नाम्बिजा क्षेत्र में भूस्खलन से तीन सौ लोगों की मौत.

# सरकार की खुल चुकी है पोल : राहुल

**गुरुग्राम, ( हरियाणा ) 8 मई.कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा है कि वे देश को गुमराह कर रहे हैं और लोग उनकी असलियत अब समझ चुके हैं इसलिए देश की जनता जल्द ही उनको सबक सिखाएगी.**

श्री गांधी ने शुक्रवार को हरियाणा के गुरुग्राम में सद्भावना यात्रा के दौरान आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के युवा नेताओं को देश के हर प्रदेश में इसी तरह की यात्रा करनी चाहिए क्योंकि इस तरह की यात्राओं से जनसंपर्क की नहीं बढ़ता है बल्कि जनता से जुड़े मुद्दों की भी जानकारी सामने आती है. उन्होंने कहा कि यात्रा कांग्रेस की परंपरा और संस्कृति का हिस्सा है.



यात्राओं के जरिए ही लोगों से इस बात की पुख्ता जानकारी मिली है कि भाजपा सरकार ने वोट चोरी की है. हरियाणा के लोग इस वोट चोरी के बारे में अच्छी तरह जानते हैं. श्री गांधी ने कहा कि मोदी सरकार की मनमानी बढ़ गई है. मनमानी की वजह बताते हुए उन्होंने कहा चुनाव आयोग और नौकरशाही उनके नियंत्रण में है और उन्हें लगता है कि इस नियंत्रण के बल पर वे हमेशा सत्ता में रहेंगे लेकिन जनता यह बात समझ चुकी है कि अब भाजपा कुछ दिनों की ही मेहमान रह गई है. इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि देश में बेरोजगारी जबरदस्त है, चीन का माल देश में बेचा जा रहा है और सोशल मीडिया इंस्टाग्राम आदि के ?रिए देश के युवाओं को नशा दिया जा रहा है और सरकार किसी भी बुराई को नियंत्रित नहीं कर पा रही है इस मामले में सरकार की पोल खोल अब पूरी तरह खुल चुकी है.

# शराब घोटाला : केजरीवाल-सिसोदिया पर हाई कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, 8 मई. दिल्ली हाई कोर्ट में शराब घोटाले से जुड़े मामले की सुनवाई अब निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है. जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने स्पष्ट किया है कि मंगलवार, 11 मई से बहस की शुरुआत होगी. अदालत में पेश नहीं होने वाले प्रमुख नेताओं जैसे की अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक के लिए न्यायमित्र नियुक्त किए जाएंगे. जस्टिस शर्मा ने कहा कि सोमवार को न्यायमित्रों की नियुक्ति होगी, लेकिन उस दिन बहस शुरू नहीं होगी.**



केजरीवाल, सिसोदिया और पाठक ने जस्टिस शर्मा के बहिष्कार की घोषणा की थी. उन्होंने अदालत में खुद पेश नहीं होने और अपने वकीलों को भेजने से इंकार कर दिया. इन नेताओं का दावा है कि अदालत में न्याय मिलने पर उनका भरोसा नहीं है और उन्होंने हितों के टकराव का आरोप लगाया.

# अमेरिका ने ईरान पर फिर बरसाए बम

## ईरानी टैंकर पर हमले के बाद ट्रम्प की चेतावनी

### 1500 जहाज फंसे होर्मुज स्ट्रेट में

**वॉशिंगटन/तेहरान, 8 मई. अमेरिका और ईरान के बीच तनाव खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है. सीजफायर की खबरों के बीच अमेरिकी सेना द्वारा कथित तौर पर ईरानी तेल टैंकरों पर की गई बमबारी ने पूरे मध्य पूर्व को फिर अस्थिर कर दिया है.**

ईरान ने इसे खुली सैन्य आक्रामकता करार देते हुए जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कहा है कि यदि तेहरान किसी नई डील पर सहमत नहीं होता, तो और भी हमले किए जाएंगे. खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में जास्क क्षेत्र के पास ईरानी समुद्री सीमा से गुजर रहे एक तेल टैंकर को निशाना बनाया. बताया जा रहा है कि यह टैंकर होर्मुज स्ट्रेट की ओर बढ़ रहा था. इस घटना के बाद ईरानी सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स को हाई अलर्ट पर रखा गया है.



> स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि होर्मुज स्ट्रेट में करीब 1500 जहाज फंस गए हैं. यह समुद्री मार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल व्यापारिक रास्तों में गिना जाता है, जहां से वैश्विक तेल सप्लाई का बड़ा हिस्सा गुजरता है. तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता की आशंका बढ़ गई है. राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर दावा किया कि ईरान ने अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाने की कोशिश की थी.

### 40 साल बाद रेलवे बुकिंग सिस्टम बदलेगा

**नई दिल्ली.** भारतीय रेलवे अपने 40 साल पुराने पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम को पूरी तरह बदलने जा रहा है. रेलवे मंत्रालय ने घोषणा की है कि नया हाईटेक सिस्टम अगस्त 2026 से शुरू होगा. मौजूदा पीआरएस सिस्टम 1986 में शुरू हुआ था और चार दशकों में इसमें केवल छोटे सुधार किए गए थे. बढ़ती मांग और भारी ट्रैफिक के कारण पुराने सिस्टम पर दबाव लगातार बढ़ रहा था. नया सिस्टम तेज, स्मार्ट और सुरक्षित होने के साथ ही यात्रियों को कई नए फायदे देगा। नए पीआरएस सिस्टम की खासियत यह है कि यह पहले से कई गुना तेज है.

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदार से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेंडर आमंत्रित किया जाता है। निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे इस ठेका के विरूद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगा। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** जबल/एल/टी.न./05/2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** एसएसई (एम)/जेबीपी के अंतर्गत जेबीपी डिपो के विभिन्न स्थानों पर उपलब्ध जल पंप सेटों के निवारक रखरखाव, समस्या निवारण और शिकायत निवारण के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए मानव संसाधन (अर्ध-कुशल और अकुशल) की भर्ती। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 4151692.50/- **निविदा फॉर्म की कीमत:** 0 **कार्यालय का पता:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/ जबलपुर द्वितीय फ्लोर डीआरएम बिल्डिंग, जबलपुर 482001 **बयाना राशि:** ₹ 83000/- **समापन अवधि (वर्ष):** 24 महीना **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 21/05/2026 (15.00 बजे तक) **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 21/05/2026 (15.30 बजे तक). निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) कार्यालय जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)

**मण्डल रेल प्रबंधक (विद्युत) प.म.रे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वास्थ्य सुविधाएं ▶ मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं

# केदारनाथ धाम में अस्पताल का धामी ने किया लोकार्पण

**देहरादून 8 मई. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को केदारनाथ धाम में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ( बीपीसीएल ) अस्पताल का विधिवत लोकार्पण किया. यह अस्पताल स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसाइटी द्वारा संचालित किया जाएगा.**



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार केदारनाथ में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है. उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस उच्च हिमालयी क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त अस्पताल का संचालन स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेगा. यह अस्पताल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है. यात्रा मार्ग पर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य जांच केंद्रों, ऑक्सीजन सुविधाओं एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. धामी ने कहा कि राज्य सरकार स्वस्थ उत्तराखंड, समृद्ध उत्तराखंड के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुधारीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है.

> इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा केदार के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना भी की. उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सेवा एवं मानवता का भी प्रतीक है और इसी भावना के साथ सरकार देवभूमि में स्वास्थ्य एवं जनसुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है. कार्यक्रम में उपस्थित विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल ने कहा कि यह 40 बेड की क्षमता वाला अस्पताल सेवा, समर्पण एवं जनकल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो भविष्य में लाखों श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

### शुवेंदु के पीए की मां बोली न्याय चाहिए

**कोलकाता, 8 मई.** पश्चिम बंगाल के राजनीतिक गलियारों में चंद्रनाथ रथ की हत्या ने हलचल मचा दी है. भाजपा के कद्दावर नेता शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक रथ की हत्या बुधवार रात उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में हुई. बाइक सवार हमलावरों ने घर के नजदीक ही उन्हें गोलियों से भून दिया. हत्या के बाद राज्य में राजनीतिक तनाव चरम पर है. हासीरानी रथ ने अपने बेटे की हत्या के लिए सीधे तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया.

**भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड**
**CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.**
एक नवरत्न कम्पनी (भारत सरकार का उपक्रम)
A Navratna Company (A Govt. of India Undertaking)
कॉनकॉर CONCOR
NSIC New MDBP Building, 3rd Floor, Okhla Indl. Estate (Opp. NSIC Okhla Metro Station), New Delhi-110020

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कॉनकॉर निम्नलिखित कार्य हेतु एकल पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करता है :-

| | |
|---|---|
| निविदा क्रमांक | CON/Area-II/EP/ICD-Mandideep/E-11129/2026-27 |
| कार्य का नाम | आईसीडी-मंडीदीप (भोपाल)में लगभग 7,600 वर्गमीटर कच्चे यार्ड क्षेत्र का एम-50 सीसी ब्लॉक पेवमेंट सहित विकास कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹411.49 लाख (जीएसटी सहित) |
| पूर्ण होने की अवधि | 06 (छह) महीने |
| बयाना राशि (ईएमडी) | ₹3,55,745.00 (केवल रुपये तीन लाख पचपन हज़ार सात सौ पैंतालिस) |
| निविदा दस्तावेज की लागत (अप्रतिदेय) | शून्य |
| निविदा प्रक्रिया शुल्क (अप्रतिदेय) | ₹3540/- (ई-भुगतान के माध्यम से समस्त करों एवं शुल्कों सहित) |
| निविदा बिक्री की तिथी (ऑनलाइन) | 09.05.2026 (15:00 बजे) से 02.06.2026 (17:00 बजे तक) |
| निविदा जमा करने की तारीख और समय (ऑनलाइन) | 03.06.2026 पर 17:00 बजे तक |
| निविदा खुलने की तारीख और समय (ऑनलाइन) | 04.06.2026 पर 15:00 बजे तक |

वित्तीय पात्रता मानदंड, समान प्रकृति के कार्यों के अनुभव आदि के संबंध में विस्तृत निविदा सूचना हेतु कृपया वेबसाइट www.concorindia.co.in पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना देखें। लेकिन पूरा निविदा दस्तावेज केवल वेबसाइट www.tenderwizard.com/CCIL से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, इस निविदा से संबंधित यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी किया जाता है, तो वह केवल website www.concorindia.co.in. www.tenderwizard.com/CCIL तथा केंद्रीय खरीद पोर्टल (CPP) पर प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए समाचार पत्रों में पृथक प्रेस विज्ञापन नहीं किया जाएगा।

समूह महाप्रबंधक (परियोजनाएं)
फोन नं.: 011-41222500